दिल्ली एवं रायपुर की टीम आई फूलों के बाजार का निरीक्षण करने

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई के द्वारा चलाए जा रहे शासन के पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत सुपेला दक्षिण गंगोत्री में फूलों का बाजार को व्यवस्थित ढंग से स्थापित किया गया है। जिसके अंतर्गत बागवानी के पौधे बेचने वाले व्यापारियों का समूह शासन की योजनाओं का लाभ लेकर के अपना रोजगार कर रहा है। शहर में चर्चा का विषय है किसी को भी जब अपने बागवानी के लिए, फूलों के पौधे, फलदार पौधे, पूजा करने वाले पौधे, गमले खाद, दवाई इत्यादि लेना रहता है। दक्षिण गंगोत्री में स्थापित फूलों को बाजार में आते हैं। वहां उन्हें उचित दर पर सब सामग्री मिल जाती है। इस दुकान की स्थापना प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से किया गया है। वहां पर उन्हें सेड बना कर दिया गया, लोन दिया गया, पानी, लाइट की सुविधा दी गई। व्यवस्थित बाजार बना कर दिया गया है। इसी का निरीक्षण करने के लिए दिल्ली भारत सरकार से इंदु प्रकाश एवं राज्य सरकार रायपुर से दल आया हुआ था। उन्होंने व्यापारियों से बात किया । निगम भिलाई द्वारा प्रदान की जाएगी सुविधाओं की जानकरी ली गई। उन्हें बड़ी खुशी हुई कि भलाई के पौधा बेचने वाले व्यापारियों द्वारा उन्हें पौधों के बारे में, पौधे में किस बीमारी पर कौन सा दवाई डाला जाए, क्या उपयोगी होगा, किस मौसम में कौन सा पौधा लगाना चाहिए इत्यादि की बहुत अच्छी जानकारी है। अपने ग्राहकों को बड़ी बारीकी से जानकारी देते हैं दी। उनको यह भी बताया की नगर निगम भिलाई के यस यल आर ऐम सेंटर के द्वारा बनाई गई जैविक खाद बहुत उपयोगी है। जिसको वह लोगों को बेच रहे हैं। उसे उनको आय हो रहा है, उनका परिवार अच्छी तरह से चल रहा है। इस संबंध में नगर निगम भिलाई को राज्य शासन द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। दिल्ली से आए हुए दल के प्रतिनिधि संतुष्ट होकर के गए। भिलाई से इस कर की जिम्मेदारी संभाल रही मिशन मैनेजर नालनी तनेजा, एकता शर्मा, अमन पटले की तारीफ किया। फूलों के मार्केट का एक अच्छा सा नाम देने का भी सुझाव दिए।